आती शेरावाली है | By Satya Mauzzy |

जाग्रता कभी घर में
कराके देख लो
श्रद्धा से जयकारा
लगाके देख लो
आफ़त हो बिपत हो
या संकट हो सामने
आती है माता रानी
बुलाके देख लो

मन से बुलाओ आती
चुटकी में काली है
बजती है ताली तब
आती शेरावाली है

वज जंगल झाड़ी
जय माता
ऊँचे पहाड़ी
जय माता
भक्तों के खातिर
जय माता
रहे खुली केवाड़ी
जय माता
कहता है मौज माँ की
बात ही निराली है
बजती है ताली तब
आती शेरावाली है

नवरात्र आता
जय माता
होता जाग्रता माता
माँ के चरणों में
जय माता
भक्त सुख पाता
जय माता
घूमती पंडाल में जब
आरती की थाली है
बजती है ताली तब
आती शेरावाली है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-satya-mauzzy/